उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 04.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 04.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 04.08.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 04.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## ➢ थाना पनवाड़ी पुलिस टीम द्वारा छिनैती की घटना में संलिप्त 04 नफर अभियुक्तों को मात्र 24 घण्टे के भीतर किया गिरफ्तार,

## ➢ अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा 01 अवैध तमंचा बरामद कर घटना का किया सफल अनावरण।

दिनांक 02.08.2025 को थाना पनवाड़ी क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति के साथ, जो अपने घर जा रहा था, रास्ते में अज्ञात युवकों द्वारा मोबाइल फोन छीन ले जाने की घटना कारित की गयी। उक्त घटना के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 162/25 धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा अज्ञात युवकों द्वारा मोबाइल फोन छीन ले जाने की घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया, जिसके क्रम में छिनैती की घटना के सफल अनावरण किये जाने एवं इसमें संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के द्वारा उ0नि0 दिनेश कुमार यादव, उ0नि0 रामकिशन यादव, उ0नि0 हार्दिक सिंह मय हमराह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी।

गठित पुलिस टीम ने दिनांक- 03.08.2025 को मु0अ0सं0 162/25 धारा 304(2) बीएनएस से सम्बन्धित 04 नफर वांछित अभियुक्त क्रमशः 1.संदीप रैकवार पुत्र रामसरन रैकवार उम्र करीब 19 वर्ष 2.हर्ष तिवारी पुत्र हेमेन्द्र तिवारी उम्र करीब 19 वर्ष 3.सौरभ कुशवाहा पुत्र महेश कुशवाहा उम्र करीब 20 वर्ष 4.राघवेन्द्र उर्फ नीलू राजपूत पुत्र विश्वनाथ राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष को ग्राम बैन्दो के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 बाईक(घटना कारित करने में प्रयुक्त) व मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 अदद टच मोबाइल फोन रंग आसमानी IQ00 बरामद हुआ बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

अभियुक्त राघवेन्द्र उर्फ नीलू राजपूत के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज भी बरामद हुआ। जिसके आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 163/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.संदीप रैकवार पुत्र रामसरन रैकवार उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्राम निश्वारा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2.हर्ष तिवारी पुत्र हेमेन्द्र तिवारी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम लौलारा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3.सौरभ कुशवाहा पुत्र महेश कुशवाहा उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम कैथोकर थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश हाल पता मामा रामपाल पुत्र बंसा का घर ग्राम लौलारा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
4.राघवेन्द्र उर्फ नीलू राजपूत पुत्र विश्वनाथ राजपूत उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम लिधौरा खुर्द थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

### बरामदगी-

1.अभियुक्तगण के पास से घटना में शामिल 01 अदद मोटर साइकिल के टूल बाक्स से वादी का छीना हुआ 01 अदद टच मोबाइल फोन बरामद हुये।
2.अभियुक्त राघवेन्द्र उर्फ नीलू राजपूत उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 दिनेश कुमार यादव
2.उ0नि0 रामकिशन यादव
3.उ0नि0 हार्दिक सिंह
4.का0 रवि कुमार
5.का0 इन्द्रपाल चौहान



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस पेंशनर्स के साथ त्रैमासिक गोष्ठी कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश ।

आज दिनांक- 04.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन महोबा में पुलिस पेंशनर्स के साथ त्रैमासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में पुलिस पेंशनर्शों से उनकी शिकायतों और सुझावों को सुना गया। इस दौरान पेंशनर्स की समस्याओं को समझते हुए आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों और विधिक सहायता के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाना था। पुलिस अधीक्षक महोबा ने पेंशनर्स की बात सुनी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया।

इस अवसर पर पेंशनर्स ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिन पर पुलिस अधीक्षक महोबा ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस गोष्ठी के माध्यम से पुलिस पेंशनर्स को अपनी समस्याएं रखने और उनके समाधान के लिए एक मंच प्रदान किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





## पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती हर्षिता गंगवार के पुलिस मुख्यालय लखनऊ स्थानान्तरण पर पुलिस परिवार ने दी सम्मानपूर्वक विदाई-

आज दिनांक- 04.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

यह समारोह क्षेत्राधिकारी कार्यालय महोबा, श्रीमती हर्षिता गंगवार के पुलिस मुख्यालय, लखनऊ स्थानान्तरण के अवसर पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती हर्षिता गंगवार के सरल, शालीन एवं सौम्य व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए जनपद में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के पद पर कार्यरत रहते हुए उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों को याद किया गया।

इस दौरान समस्त पुलिस अधिकारियों ने उनके सुखमय जीवन, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ उन्हें सम्मान पूर्वक भावुक विदाई दी।

विदाई कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोंड सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 04.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने डी.पी.एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध एवं अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक-04.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अजनर श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गठित उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह कां0 आशीष यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 174/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त सतीश कुमार उर्फ सत्तू यादव पुत्र वीर सिंह यादव उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम इन्द्रहटा थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम इन्द्रहटा थाना अजनर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजेश कुमार
2. का0 आशीष यादव

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सतीश कुमार उर्फ सत्तू यादव पुत्र वीर सिंह यादव उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम इन्द्रहटा थाना अजनर जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 04.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम ने चलाया यातायात जागरुकता/चेकिंग अभियान, पढाया गया यातायात नियमों का पाठ।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को गतिमान बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया गया है।

जिसके क्रम में अभियान के तहत आज दिनांक- 04.08.2025 प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को जागरुक करते हुये सभी से अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हमेशा सुरक्षा मापदण्डों का पालन करें। साथ ही सम्बन्धित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सीज/चालान की कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो में यह सन्देश जाये कि यातायात नियमों का पालन न करते हुए सड़क में चलना उचित नहीं है।

आज बारिश के कारण मुख्य सड़क पर एक बड़ा पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया था। यातायात प्रभारी महोबा की देखरेख में टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पेड़ को कटवाकर हटवाया गया, जिससे आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो सका।

इसी क्रम में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के पालन हेतु यातायात पुलिस टीम द्वारा स्पीड राडार/कैमरा उपकरण के माध्यम से ओवरस्पीड वाहनों की चेकिंग की गई तथा नियम विरुद्ध चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई।

महोबा पुलिस आप सभी से अपील करती है कि अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें।









# महोबा पुलिस



**पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में चला सघन यातायात जागरूकता व चेकिंग अभियान।**

**बारिश में गिरे पेड़ से अवरुद्ध मार्ग को यातायात टीम ने किया साफ, यातायात हुआ सुचारू**

**ओवरस्पीड व नियम उल्लंघन पर महोबा यातायात पुलिस की सख्त कार्यवाही**

"श्रीमती हर्षिता गंगवार, पुलिस उपाधीक्षक के जनपद महोबा से पुलिस मुख्यालय लखनऊ स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन।"

❖पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

❖विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड सहित जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

❖श्रीमती हर्षिता गंगवार, पुलिस उपाधीक्षक का जनपद से स्थानान्तरण होने पर सभी ने उनके सरल, शालीन एवं सौम्य व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर मंगलमय उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई।

#UPPolice